तत्काल

सं0 55/1/1/73 सी0एफ0

भारत सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय

(मंत्रिमंडल-कार्य विभाग)

नयी दिल्ली 9 नवम्बर, 1973

18 कार्तिक, 1895

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 9 नवम्बर, 1973 के पूर्वाह्न से —

(I) श्री राज बहादुर, संचार मंत्री अस्थाई रूप से पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय का कार्य-भार सम्भालेंगे ।

(II) डा0 कर्णसिंह ने पर्यटन और नागर विमानन मंत्री का कार्य-भार त्याग दिया है तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री का कार्य-भार ग्रहण कर लिया है ।

(III) श्री आर0 के0 खाडिलकर ने स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री का कार्य-भार त्याग दिया है तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री का कार्य-भार ग्रहण कर लिया है ।

(IV) श्री शाह नवाज खाँ ने पूर्ति मंत्री का कार्यभार त्याग दिया है और पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्यमंत्री का कार्यभार,ग्रहण कर लिया है ।

(V) श्री कृष्णचन्द्र पंत ने गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्य-भार त्याग दिया है तथा सिंचाई और विद्युत मंत्री का कार्यभार ग्रहण कर लिया है । श्री पंत परमाणु ऊर्जा विभाग इलक्ट्रानिक विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग से संबंधित संसदीय कार्यों में प्रधान मंत्री की सहायता करते रहेंगे ।

(VI) डा0 के0 एल0 राव ने सिंचाई और विद्युत मंत्री का कार्यभार त्याग दिया है ।

....2

(VII) श्री के० वी० रघुनाथ रेड्डी ने श्रम और पुनर्वास मंत्री का कार्यभार त्याग दिया है और श्रम मंत्री का कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

(VIII) श्री० सिद्धेश्वर प्रसाद ने भारी उद्योग मंत्रालय में उप मंत्री का कार्यभार त्याग दिया है तथा सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उप मंत्री का कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

(IX) श्री दलबीर सिंह ने पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री का कार्यभार त्याग दिया है तथा भारी उद्योग मंत्रालय में उप मंत्री का कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

(X) श्री जी० वेंकट स्वामी ने श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री का कार्यभार त्याग दिया है और पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री का कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

(XI) श्री बालगोविन्द वर्मा ने सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री का कार्यभार त्याग दिया है तथा श्रम मंत्रालय में उपमंत्री का कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

आर एन कालिया

(आर० एन० कालिया)
कृते मंत्रिमंडल सचिव

सेवा में

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

योजना आयोग के सभी सदस्यों को प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित ।

....3

निम्नलिखित को प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :-

प्रधान मंत्री के सचिव

प्रधान मंत्री के संयुक्त सचिव

प्रधान मंत्री के निजी सचिव

निम्नलिखित को प्रतिलिपि प्रेषित :-

राष्ट्रपति के सचिव

उपराष्ट्रपति के सचिव

आर एन कालिया

(आर० एन० कालिया)
अवर सचिव, मंत्रिमंडल

निम्नलिखित को प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :-

भारत सरकार के सभी सचिव । विशेष सचिव । अवर सचिव । अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड । सचिव, निर्वाचन आयोग । अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग । भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक । सचिव, संसदीय कार्य विभाग । महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व का कार्यालय (श्री पी० एस० आंगरा, लेखा अधिकारी) ।

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों । विभागों । लोक सभा सचिवालय । राज्य सभा सचिवालय । स्थापना अधिकारी दो अतिरिक्त प्रतियों सहित, कार्मिक और प्रशासकीय सुधार विभाग को प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित ।

आर एन कालिया

(आर० एन० कालिया)
अवर सचिव, मंत्रिमंडल

* मनवर *

प्रतियाँ